रिकॉर्ड शानदार, तो आप हो जाएं तैयार

सलोनी ● रांची

यदि आपका के शैक्षणिक रिकॉर्ड शानदार है, रिसर्च में रुचि है, तो तैयार हो जाएं। आइआइएम रांची के डॉक्टरेट प्रोग्राम, फेलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसका उद्देश्य है शिक्षण या शोध करियर के लिए उत्कृष्ट विद्वानों को विकसित करना। इस कोर्स के लिए वे छात्र आवेदन कर सकते हैं, जिनके पास एक मजबूत शैक्षणिक बैकग्राउंड हो। चीजों को जानने की जिज्ञासा हो, शोध करने का कौशल रखते हों और एक बेहतरीन शोधकर्ता बनने की क्षमता रखते हों। शहर के कई जाने-माने लोग यहां से इस फेलो प्रोग्राम को कर अपना बिजनेस कर रहे हैं। आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 26 फरवरी है।

लग सकते हैं न्यूनतम चार वर्ष : एफपीएम एक एकेडमिक कार्यक्रम है, जिसे पूरा करने के लिए न्यूनतम चार वर्ष की आवश्यकता हो सकती है। छात्रों को पहले दो वर्षों तक कोर्स वर्क करना होगा, जिसके बाद अनुसंधान कार्य को पूरा करने के लिए कम से कम दो अतिरिक्त वर्ष दिए जाएंगे। पाठ्यक्रम का पहला वर्ष आइआइएम रांची के स्नातकोत्तर कार्यक्रम जैसा ही होगा, जिसमें प्रबंधन के क्षेत्र की एक व्यापक जानकारी दी जाएगी। बाद में उम्मीदवार डॉक्टरेट डिजरटेशन पर काम करेंगे, जो कि प्रबंधन क्षेत्र से जुड़ा हो। छात्रों को व्यापक वित्तीय सहायता भी प्राप्त होगी।

आइआइएम में रिसर्च की आवेदन प्रक्रिया शुरू

इन क्षेत्रों के लिए कर सकते हैं आवेदन

- अकाउंटिंग एंड फायनांस
- अर्थशास्त्र
- सामान्य प्रबंधन
- सूचना प्रणाली
- विपणन प्रबंधन
- संगठनात्मक व्यवहार और मानव संसाधन प्रबंधन
- संचालन प्रबंधन
- स्ट्रेटेजिक प्रबंधन

आवश्यक पात्रता

- प्रथम श्रेणी के साथ किसी भी विषय में मास्टर डिग्री या इसके बराबर की डिग्री

अथवा

- प्रथम श्रेणी के साथ न्यूनतम 16 वर्षों का शिक्षण

अथवा

- सीए, आइसीडब्ल्यूए, सीएस जैसे कोई भी व्यावसायिक योग्यता न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक जरूरी।
- जो छात्र वर्तमान शैक्षणिक वर्ष में अंतिम वर्ष की परीक्षा देने वाले हैं, वे भी आवेदन कर सकते हैं।

चयन प्रक्रिया

पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले उम्मीदवारों को आइआइएम द्वारा आयोजित आम प्रवेश परीक्षा, कैट देने की आवश्यकता है। वैकल्पिक रूप से, जिनके पास गेट, जीआरई, जीमैट और जेआरएफ (यूजीसी व सीएसआइआर) परीक्षाएं पास की हैं, वे भी आवेदन कर सकते हैं। पिछले दो वर्षों, जैसे पहली जुलाई 2016 या उसके बाद के दौरान कैट सहित इनमें से किसी भी परीक्षा में पास किए हुए छात्र, एफपीएम में प्रवेश के लिए मान्य माने जाएंगे।

वित्तीय और अन्य समर्थन

आइआइएम रांची फेलो प्रोग्राम के छात्रों को व्यापक वित्तीय और अन्य समर्थन प्रदान करता है।

- चार साल के लिए वित्तीय सहायता दी जाती है, समिति द्वारा अनुमोदित कर इसे एक अतिरिक्त वर्ष तक के लिए बढ़ाया भी जा सकता है।
- ट्यूशन में फीस छूट
- परिसर में स्नातक और विवाहित एकल दोनों प्रकार के छात्रों के लिए आवास उपलब्ध हैं। उपलब्धता के आधार पर विवाहित को आवास प्रदान किया जा सकता है।
- पहले दो वर्षों के लिए प्रति माह 30,000 रुपये का स्टाइपेंड दिया जाता है।

Dainik Jagran, 22.01.2018, Pg. 6